राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

# रामनवमी पर राज्यपाल ने प्राचीन ठिकाना मंदिर श्रीरामचंद्रजी पहुंचकर महा आरती में भाग लिया

## रामनवमी की सभी को शुभकामनाएं दी

## विधिवत पूजा कर सबके मंगल की कामना की

जयपुर, 6 अप्रैल। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रामनवमी के पावन अवसर पर चांदपोल स्थित प्राचीन ठिकाना मंदिर श्रीरामचंद्रजी पहुंच कर भगवान श्री राम की विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने मर्यादा पुरूषोतम श्री राम से सभी के मंगल की कामना की।

श्री बागडे ने प्राचीन ठिकाना मंदिर में राम दरबार की महा आरती की। इस दौरान उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की अर्चना करते हुए राष्ट्र और प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। उन्होंने सभी को "राम नवमी" की शुभकामनाएं देते हुए वहां उपस्थित भक्तजनों का अपनी ओर से अभिनंदन भी किया।

------







